- **<u>Activities of the Department</u>**

- हिन्दी विभाग में प्रति वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में सहभाग लेने के कारण छात्र का सर्वांग विकास होता है। उनका आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनके कई सुप्त गुणों को मंच प्राप्त होता है।

1) न्यूज लेटर (Newsletter)

छात्रों द्वारा लिखित निबंध, कहानी, आलेख, कविता,को न्यूज़ लेटर में सम्मिलित किया जाता है। जिससे छात्रों के सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है।

2) **तुलसीदास एवं प्रेमचंद जयंती (Tulsidas evam** Premchand Jayanti)

पार्वतीबाई चौगुले महाविद्यालय कला एवं विज्ञान (स्वायत्त) के हिन्दी विभाग द्वारा तुलसी एवं प्रेमचंद जयंती मनाई जाती है। इस सुअवसर पर छात्र प्रपत्र प्रस्तुतीकरण, भजन एवं प्रेमचंदजी द्वारा रचित हिन्दी कहानियों का नाट्य रूपान्तरण प्रस्तुत करते हैं। तुलसी एवं प्रेमचंद जयंती के माध्यम से विद्यार्थियों में हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार एवं उनकी रचनाओं के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि उत्पन्न होती है।

3) हिन्दी सप्ताह (Hindi Saptah)

हिन्दी विभाग में हिन्दी सप्ताह प्रति वर्ष बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। सप्ताह के अंतर्गत उद्घाटन से लेकर अंतिम दिन तक समसामयिक संदर्भों से जुड़े विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का

आयोजन किया जाता है। जिनका विवरण इस प्रकार है- स्वरचित काव्यवाचन, गीतगायन, भाषण, निबंध लेखन तथा अंताक्षरी प्रतियोगिता। विद्यार्थी इसमें सहभाग लेते हैं और अनगिनत पुरस्कार प्राप्त करते हैं। 'हिन्दी सप्ताह' के आयोजन से हिन्दी के विद्यार्थियों के बीच हिन्दी पढ़ने का माहौल तैयार होता है। इस सप्ताह का उद्देश्य छात्रों में हिन्दी के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करना जहाँ से वे स्वयं को अभिव्यक्त कर सकें।

4) **अंतरमहाविद्यालयीन वक्तृत्व स्पर्धा (intercollegiate Elocution Competition)**

पार्वतीबाई चौगुले महाविद्यालय कला एवं विज्ञान (स्वायत्त) के हिन्दी विभाग द्वारा प्रति वर्ष 'राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाता है । इस प्रतियोगिता में गोवा के विभिन्न महाविद्यालयों एवं गोवा विश्वविद्यालय-हिन्दी विभाग के छात्र सहभाग लेते हैं तथा इस कार्यक्रम की शोभा बढाते हैं। विजेताओं को पुरस्कार के रूप में धन राशि प्राप्त होती है। सभी छात्रों को प्रतियोगिता में सहभाग लेने तथा उनका प्रोत्साहन बड़ाने हेतु प्रमाण पत्र दिये जाते हैं। 'राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता' के माध्यम से गोवा राज्य के अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से जुड़ना और उन्हें अपने महाविद्यालय से एम. ए. करने के लिए प्रेरित करना है।

5) पार्वतीबाई वाचन मंदिर (Parvati Vachan Mandir)

‘पार्वती वाचन मंदिर’_के माध्यम से विद्यार्थियों में साहित्यिक समझ तथा आलोचनात्मक दृष्टि का निर्माण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। पार्वतीबाई वाचन मंदिर में छात्रों द्वारा कहानी तथा काव्य वाचन, प्रपत्र प्रस्तुतीकरण किया जाता है।